# एक नये Scotland का निर्माण: विश्व में एक स्वतंत्र Scotland का स्थान

BUILDING A NEW SCOTLAND

## सारांश

Scotland एक लम्बे इतिहास और अनोखे भूगोल वाला राष्ट्र है, जो उत्तरी सागर और उत्तरी अटलांटिक तक फैला हुआ है। हमारे संपर्कों का विस्तार सीमा पार इंग्लैंड और शेष यूनाइटेड किंगडम, आर्कटिक और विश्व भर में है। स्वतंत्रता प्राप्ति से, Scotland वैश्विक मंच पर - दुनिया का सबसे उत्तरी गैर-आर्कटिक देश - इन द्वीपों में हमारे निकटतम पड़ोसियों और इन निकटतम दोस्तों से सशक्त संबंधों का सृजन करते हुए - नया संप्रभु राज्य बन जाएगा।

स्वतंत्रता का मतलब यह है कि Scotland अंतर्राष्ट्रीय समुदाय में अपनी जगह बनाएगा; 193 अन्य संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों सहित, अपने नागरिकों की सुरक्षा और वैश्विक अर्थव्यवस्था में समृद्धि के लिए आवश्यक शक्तियों के साथ यूरोपीय संघ में शामिल होने में सक्षम होगा।

स्वतंत्रता का यह भी मतलब होगा कि Scotland को यह निर्धारित करना होगा कि वह उस विश्व मंच पर किस प्रकार का राज्य बनना चाहता है - ऐसा राज्य जो अपने मूल्यों और सिद्धांतों पर आधारित कार्रवाई करता है, मानवाधिकारों और विकास को प्रोत्साहित करता है और वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने के लिए अन्य देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ साझेदारियां करता है। स्वतंत्र Scotland एक अच्छा वैश्विक नागरिक होगा, जो Scotland के लोगों के हित को ध्यान में रखते हुए शांति और सुरक्षा की दिशा में काम करेगा।

इस संक्षिप्त विवरण और 'एक नये Scotland का निर्माण' श्रृंखला के ग्यारहवां पेपर में विश्व में स्वतंत्र Scotland के स्थान के लिए स्कॉटिश सरकार के प्रस्तावों को निर्धारित किया गया है। पूर्ण प्रकाशन में इन प्रस्तावों पर और अधिक जानकारी दी गई है, उनके बारे में जानकारी देने वाले साक्ष्यों का विश्लेषण दिया गया है, साथ ही साथ स्रोतों के संदर्भ भी दिए गए हैं।

### स्वतंत्र Scotland में रक्षा, शांति और सुरक्षा

प्रत्येक स्वतंत्र देश की सरकार का पहला कर्तव्य अपने लोगों का बचाव और सुरक्षा करना है। यह पेपर निर्धारित करता है कि एक स्वतंत्र Scotland कैसे एक आधुनिक, प्रभावी और लचीली रक्षा और सुरक्षा क्षमता से लाभान्वित होगा।

स्वतंत्र Scotland के पास अपनी स्वयं की सशस्त्र सेनाएं होंगी, जिन्हें कर्मियों के लिए एक आधुनिक संविदा और पूर्व सैनिकों के लिए सशक्त समर्थन से सहयोग दिया जाएगा। भावी सेनाओं की क्षमता पर निर्णय को व्यापक, विशेषज्ञ के नेतृत्व वाली बचाव और सुरक्षा समीक्षा द्वारा सूचित किया जाएगा। इससे सुनिश्चित होगा कि योजनाएं और क्षमताएँ स्वतंत्रता के समय मौजूद जोखिम परिवेश और भूगोलिक चुनौतियों के प्रति प्रतिक्रियाशील रहेंगी। इसे एक स्वतंत्र देश के तौर पर Scotland की प्राथमिकताओं से सम्बद्ध किया जाएगा - NATO में शामिल होना, EU की आम सुरक्षा और रक्षा नीति के लिए प्रतिबद्धता और UK के साथ-साथ अन्य प्रमुख रणनीतिक भागीदारों के साथ सहयोगी, पारस्परिक रूप से लाभप्रद रक्षा और सुरक्षा संबंधों को निर्मित करना।

यह स्कॉटिश सरकार का प्रस्ताव है कि स्वतंत्र Scotland NATO में शामिल होने के लिए आवेदन करेगा और स्वतंत्रता के लिए मतदान के तुरंत बाद NATO के नेताओं से चर्चा करने के लिए कहेगा। यह रक्षा क्षमताओं में निवेश के लिए NATO की स्थायी प्रतिबद्धता को मान्यता देते हुए, सकल घरेलू उत्पाद (GDP) का 2% रक्षा पर खर्च करने के लिए वचनबद्ध होगा।

EU के भाग के तौर पर, यह स्कॉटिश सरकार EU की सामान्य सुरक्षा और रक्षा नीति में भी पूरी भागीदारी करेगी। Scotland वैश्विक शांति और सुरक्षा का समर्थन करने वाले मिशनों में योगदान देगा, और ऐसा करते हुए, अंतरराष्ट्रीय नियमों पर आधारित तंत्र और बहुपक्षवाद के लिए पूर्णतया प्रतिबद्ध राष्ट्रों के दल में शामिल होगा।

स्वतंत्र Scotland की रक्षा और सुरक्षा नीति का तीसरा स्तंभ यूनाईटेड किंगडम और आयरलैंड के हमारे सबसे निकट पड़ोसियों के साथ के संबंध होंगे। स्वतंत्र Scotland अपने इन द्वीपों के अन्य राष्ट्रों और सरकारों से सशक्त संबंध बनाते हुए हमारी आपसी सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाएगा।

यह स्कॉटिश सरकार रक्षा नीति का मूल स्तंभ बनाएगी कि एक स्वतंत्र Scotland केवल वहां के विदेशी सैन्य अभियानों में शामिल होगा जो कानूनी हों, जिन्हें स्कॉटिश मंत्रियों द्वारा स्वीकृति मिली हो और स्कॉटिश पार्लियामेंट द्वारा अधिकृत किए गए हों। साथ ही, आजादी के बाद Scotland से परमाणु हथियारों को सबसे सुरक्षित और त्वरित ढंग से हटाया जाना चाहिए। इनमें से कोई भी प्रस्ताव Scotland की आत्मरक्षा में कार्य करने या NATO में शामिल होने की क्षमता को नहीं रोक पाएगा।

## एक अच्छे वैश्विक नागरिक के रूप में एक स्वतंत्र Scotland

मौजूदा हस्तांतरण समझौते के दायरों में रहते हुए, Scotland पहले से ही अच्छा वैश्विक नागरिक बनने के लिए हर संभव कोशिश कर रहा है। Scotland वैश्विक गरीबी, जलवायु परिवर्तन और मानवाधिकारों तथा समानता संरक्षण के जोखिमों का सामना करने में अपनी भूमिका अदा कर रहा है।

स्वतंत्रता से प्राप्त पूर्ण शक्तियों के साथ, यह स्कॉटिश सरकार संयुक्त राष्ट्र (UN) के 0.7% की सकल राष्ट्रीय आय पर आधिकारिक विकास सहायता (ODA) के लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध होगी और अंतरराष्ट्रीय विकास के लिए समर्पित नया मंत्रिस्तरीय पोर्टफोलियो स्थापित करेगी। स्वतंत्र Scotland भी कानून में 0.7% की प्रतिबद्धता को स्थापित करने में सक्षम होगा। इससे Scotland को एक महत्वपूर्ण सहायता बजट प्राप्त होगा, जिससे वह दुनिया के सबसे गरीब देशों में प्रभाव डाल सकेगा।

अपने विचारों और बहुपक्षीय संगठनों में अपनी सीट के साथ एक स्वतंत्र देश के तौर पर, Scotland जलवायु और जैव विविधता संकट का सामना करने के लिए और अधिक प्रयास कर सकता है, जिससे पृथ्वी और उसके वासियों के लिए सकारात्मक योगदान दिया जा सकता है। जलवायु न्याय पर अपने नज़रिए में सहयोग और वैश्विक वैक्सीन इक्विटी या ऋण राहत हेतु पक्षसमर्थन के लिए Scotland ग्लोबल साउथ सहित अन्य देशों के साथ मिलकर अपना नज़रिया जाहिर कर सकता है।

और एक स्वतंत्र देश के तौर पर, Scotland प्रत्यक्ष रूप से संवाद कर सकता है, और उन संधियों, सम्मेलनों या समझौतों के लिए एक राज्य पार्टी बन सकता है जिन पर UK ने हस्ताक्षर या पुष्टि नहीं की है। इनमें संशोधित यूरोपीय सामाजिक चार्टर शामिल है, जो वेतन, श्रमिकों के अधिकार और प्रतिनिधित्व, और कार्य घंटों सहित अन्य अधिकार देता है। एक स्वतंत्र देश के तौर पर, Scotland उत्साही, प्रगतिशील कार्यक्रम को आगे बढ़ाने और हमारे मूल्यों और हितों के साथ संरेखित अंतरराष्ट्रीय मंचों में समझौतों को सुरक्षित करने के लिए समान-विचार वाले भागीदारों के साथ मिलकर काम कर सकता है।

## भविष्य के लिए नेटवर्क

स्वतंत्रता का अर्थ विश्व भर में मौजूदा नेटवर्क बनाना, साथ ही नए नेटवर्क का विकास करना होगा।

स्वतंत्रता से, Scotland पहली बार स्कॉटिश हितों को बढ़ावा देने और उनकी रक्षा करने के एक समर्पित राजनयिक नेटवर्क का सृजन कर पाएगा। हमारे नागरिकों को आवश्यक परामर्श अधिकारी सहायता देने के साथ-साथ, ये नेटवर्क Scotland को नवाचार, व्यापार और निवेश के केंद्र के तौर पर बढ़ावा देंगे। स्वतंत्रता के लिए मतदान के बाद, Scotland की यह सरकार हमारे विदेशी परामर्श अधिकारी और राजनयिक नेटवर्क की क्षमता के सृजन के साथ ही साथ संरक्षण और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आवश्यक कार्य भी करेगी और हमारी योजना के लिए समर्थन क्षमता को विकसित करती रहेगी। स्वतंत्र Scotland अपनी शक्तियों के आधार पर 21वीं सदी में Scotland की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए एक अंतरराष्ट्रीय पहचान बना सकता है, हमारे विचारों को आगे पहुंचा सकता और यह सुनिश्चित सकता है कि हम स्वतंत्रता से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय रूप से प्राप्त नई शक्तियों और जिम्मेदारियों का लाभ उठाएं।

## निष्कर्ष

स्वतंत्रता से Scotland इन द्वीपों और विश्व भर में अपने मौजूदा रिश्तों को नवीकरण और सशक्त करने तथा Scotland के लोगों की सुरक्षा व समृद्धि की रक्षा और उन्हें बढ़ावा देने के लिए नए भागीदारों के साथ सहयोग प्राप्त कर पाएगा।

स्वतंत्रता हमें अंतर्राष्ट्रीय विकास, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण जैसे मुद्दों पर अधिक योगदान देने का अवसर देगी।

विश्व मंच पर जहाँ भी हम योगदान दे सकते हैं, Scotland पहले से ही ऐसा कर रहा है। स्वतंत्रता प्राप्ति की शक्ति से, हम अपनी सशक्तता की बुनियाद पर निर्माण कर सकते हैं और वैश्विक समुदाय में बराबरी करते हुए एक राज्य के तौर पर अपनी जगह बना सकते हैं।

© The Scottish Government 2024

स्कॉटिश सरकार द्वारा प्रकाशित, मार्च 2024

स्कॉटिश सरकार के लिए, APS Group Scotland, 21 Tennant Street,
Edinburgh EH6 5NA PPDAS1420414 (03/24) द्वारा निर्मित